राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय, गाजीपुर

स्नातक प्रथम वर्ष में प्रवेश की मेरिट लिस्ट जारी

महाविद्यालय की शैक्षिक सत्र 2024-25 की स्नातक बीए /बीएससी प्रथम वर्ष की प्रवेश की मेरिट सूची जारी हो गई है। प्राचार्य डॉ अनीता कुमारी ने बताया कि प्रवेश कार्य दिनांक 9 जुलाई से दिन में 10:30 बजे से 2:30 के मध्य महाविद्यालय के सावित्रीबाई फुले सभागार में संपन्न होगा। 9 जुलाई को बीएससी प्रथम सेमेस्टर के प्रवेश के लिए मेरिट रैंक 1 से लेकर 90 तक तथा 10 जुलाई को 91 से अंत तक की छात्राएं प्रवेश काउंसलिंग के लिए जंतु विज्ञान विभाग में उपस्थित होगीं। बीए प्रथम सेमेस्टर प्रवेश के लिए मेरिट 01 से लेकर 160 तक 9 जुलाई को; 161 से लेकर 320 तक 10 जुलाई को; 11 जुलाई को 321 से लेकर 480 तक एवं 12 जुलाई को 481 से अंत निर्धारित समय 10:30 से 2:30 के मध्य महाविद्यालय के मुख्य सभागार में प्रवेश काउंसलिंग के लिए उपस्थित हो। विषय आवंटन राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के अनुसार किए जाएंगे। महाविद्यालय के प्रवेश प्रभारी डॉ शिव कुमार के अनुसार छात्राएं प्रवेश काउंसलिंग के समय अपने हाई स्कूल, इंटरमीडिएट के अंकपत्र एवं प्रमाण पत्र; जाति प्रमाण पत्र, भारांक प्रमाण पत्र, चरित्र एवं स्थानांतरण प्रमाण पत्र, प्रवेश आवेदन पत्र समेत सभी पत्रों की मूल एवं छायाप्रति के साथ काउंसलिंग हेतु उपस्थित हो। शिक्षार्थी एवं उनके अभिभावक प्रवेश संबंधी किसी भी जिज्ञासा के लिए महाविद्यालय की वेबसाइट www.gwpgc.ac.in या महाविद्यालय नोटिस बोर्ड का अवलोकन कर सकते हैं।